पाठ -5 संज्ञा

अभ्यास-कार्य

प्र० 5 क) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

उत्तर - किसी प्राणी, वस्तु अथवा स्थान विशेष के नाम का बोध करानेवाले शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं ।

ख) जातिवाचक संज्ञा के पाँच उदाहरण बताइए ।

उत्तर - बिल्ली , डाकिया , पहाड़ , नदि , देश आदि ।

ग) द्रव्यवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

उत्तर - जिन संज्ञा शब्दों से किसी द्रव्य, पदार्थ, धातु आदि का बोध होता है, उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं ; जैसे - पानी, चाँदी, तेल आदि ।

6. क) संज्ञा कि परिभाषा लिखिए ।

उत्तर - किसी व्यक्ति (प्राणी) , वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं ।

ख) भाववाचक संज्ञा से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर - वे संज्ञा शब्द, जिनसे प्राणी या वस्तु के गुण, दोष, दशा, अवस्था आदि का बोध होता है, भाववाचक संज्ञा कहलाते है ; जैसे - कायरता , शत्रुता , बचपन , बुराई आदि ।

ग) समुदायवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

उत्तर - जिन शब्दों से किसी समूह या समुदाय का बोध हो, उन्हें समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं ; जैसे - भीड़ , सेना , झुंड आदि ।